तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

10 मरीजों को किसी तरह की नही आने दी जाएगी...

10 पृथ्वी की रक्षा के लिए जागरूक किया


## खबर संक्षेप

### पानी पीने आया व्यक्ति 55 हजार लेकर फरार

**जींद।** गांव कुचराना खुर्द खेतों में पानी पीने आया व्यक्ति 55 हजार रुपये की नगदी तथा दस्तावेज लेकर फरार हो गया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कुचराना खुर्द निवासी अजमेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव घोघडिय़ा की तरफ जमीन ठेके पर ली हुई है।

### कार की चपेट में आने से दंपती घायल, केस

**कैथल।** गांव डंडौता में कार की चपेट में आने से बाइक सवार दंपती घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। डंडौता के दर्शन ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि जब पत्नी के साथ बाइक पर सवार होकर गांव से गुजर रहा था तो एक अज्ञात कार चालक ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### ताला तोड़कर 75 हजार की नकदी-जेवरात चोरी

**जींद।** संत नगर में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 75 हजार रुपये की नगदी, 12 तोले सोने तथा आधा किलोग्राम चांदी के जेवरातों को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।संत नगर निवासी अमित जैन ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### मारपीट में एक युवक घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** चीका के कंप्यूटर सेंटर में मारपीट में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस संबंध धीरज ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 19 अप्रैल को चीका के कंप्यूटर सेंटर में शिवा, अभिषेक और तनिष ने मिलकर उसे पर नुकीली चीज से वार करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### गांव पौली से ट्रक चोरी, मामला दर्ज

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के पौली गांव से एक ट्रक चोरी हो गया। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पौली गांव निवासी सुभाष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने ट्रक को पौली गांव के मां वैष्णों देवी ढाबे पर रविवार को खड़ा किया था।

### पेड़ चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** गुहला क्षेत्र में एक प्लाट में लगे पेड़ काटकर चोरी करने के मामले की जांच थाना गुहला पुलिस के एएसआई प्रभात सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गुहला निवासी रणजीत सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने बताया कि गांव उरलाना निवासी स्वर्ण सिंह की शिकायत अनुसार उपरोक्त आरोपी द्वारा गांव सलेमपुर में स्थित उसके प्लाट में खड़े सफेदा के पेड़ काट लिए गए।

### आढ़ती व किसान के बीच समझौता

**सफीदों।** डेढ़ किलो कटौती न देने पर आढ़ती द्वारा किसान की पिटाई करने के मामले में आढ़ती व किसान के बीच समझौता हो गया है। इसको लेकर एक बैठक गांव बहादुरगढ़ में संपन्न हुई। इस मौके पर कच्चा आढ़ती संघ के प्रधान कृष्ण गोपाल मित्तल व किसान यूनियन के प्रधान नवीन मलिक के अलावा मौजिज लोग मौजूद रहे।

### प्रताड़ना के आरोप में तीन के खिलाफ केस

**कैथल।** पूंडरी पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। गांव बाकल की एक महिला ने अपनी शिकायत में रोक लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व गांव गोंदर के विकास के साथ रिती रिवाज विचार हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे।

## संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा परिणाम से खुशी की लहर

# जींद की बेटी सिमरन ने 66वां, आकाश ने 117वां, अजय ने 940वां और गुहला की बीडीपीओ समिता पूंजा ने 687वां रैंक हासिल किया

### डा. आकाश ने एमबीबीएस के बाद कोविड के दौरान यूपीएससी को बनाया लक्ष्य

#### यूपीएससी के माध्यम से मानव सेवा के साथ समाज उत्थान की भावना थी: आकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। अपनी बहन अवनी के साथ डा. आकाश। फोटो :हरिभूमि

मेडिकल लाइन में मानव सेवा थी, यूपीएससी के माध्यम से मानव सेवा के साथ समाज उत्थान की भावना थी। उसी लक्ष्य को आगे बढ़ा तो तीसरे प्रयास में यूपीएससी को फतेह कर ऑल इंडिया में 117वां रैक मिला। अब डा. आकाश भारतीय पुलिस में सेवा देंगे। यही कुछ कहना है चयनित आईपीएस स्कीम नंबर पांच निवासी डा. आकाश गोयल का। मूलतः गांव किठाना हाल आबाद स्कीम नंबर पांच निवासी आकाश गोयल बचपन से ही होनहार रहे हैं। 25 वर्षीय आकाश ने दसवीं तक की पढ़ाई डीएवी पब्लिक स्कूल से की। जिसके बाद मेडिकल से बारहवी प्रथम श्रेणी के साथ दिल्ली से की। वर्ष 2016 मे नीट क्लीयर कर दिल्ली मौलाना आजाद मेडिकल से एमबीबीएस में दाखिला लिया। वर्ष 2022 में एमबीबीए पास कर चार माह तक दिल्ली में नौकरी भी की। उसी दौरान उन्होंने यूपीएससी को लक्ष्य बनाया। पहला प्रयास क्लीयर नही हुआ। दूसरे प्रयास में इटरव्यूह में रह गया। मायूसी भी हाथ लगी लेकिन हिम्मत नही हारी। परिणाम अब सभी के सामने है। आकाश गोयल के पिता सतबीर गोयल गांव शामलो कलां के सरकारी स्कूल में प्रार्चाय हैं। जबकि मां संध्या साधारण ग्रहणी हैं। बड़ी बहन डा. अवनी एमडी हैं। डा. आकाश ने बताया कि कोविड लक्ष्य को लेकर उसका टर्निंग प्वायंट रहा। उस दौरान चिकित्सक पेशे में लग्न के साथ मरीजों का इलाज किया। उसी दौरान समाज उत्थान और बड़े लेवल पर समाजसेवा की भावना प्रबल हुई। परिजनों को यूपीएससी के लक्ष्य के बारे में बताया तो उन्होंने पूरी छूट दी। माता-पिता तथा अपने दोस्तों के सहयोग से उनका यूपीएससी के माध्यम से सपना पूरा हुआ। उन्होंने बताया कि वे आठ से दस घंटे पढ़ाई को देते थे। क्रिकेट के साथ बेडमिंटन भी खेलते थे। सोशल मीडिया से लगभग दूरी ही बना कर रखी। उन्होंने कहा कि यूपीएससी में अमीर तथा गरीब सब के लिए बराबर मौके हैं, जरूरत मेहनत, लगन तथा जज्बे के साथ सही मार्गदर्शन की है। जिसके माध्यम से आसानी से लक्ष्य को भेदा जा सकता है। डा. आकाश गोयल के पिता सतबीर गोयल ने बताया कि एमबीबीएस के बाद जब आकाश ने यूपीएससी के बारे में बताया तो फैसला उसी पर छोड़ दिया था। डा. आकाश गोयल की मां संध्या ने बताया कि उसे अपने बेटे पर गर्व है। यूपीएससी में डा. आकाश के 117वां रैंक आने पर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा।

#### लक्ष्य आधारित होना जरूरी

आकाश की बड़ी बहन अवनी गोयल वर्तमान में जोधपुर में एमडी की पढ़ाई कर रही हैं। अब उसकी परीक्षाएं चल रही हैं। ऐसे में वह बधाई देने के लिए जींद नहीं आ सकी। भाई की सफलता का समाचार सुनते ही उन्होंने तुरंत फोन पर अपने भाई को कांग्रेट्स बोल कर बधाई दी और इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की। पिता सतबीर गोयल ने कहा कि परीक्षा चाहे कोई भी हो, उसमें सफलता के लिए जुनून और निरंतर प्रयास आवश्यक होते हैं। जरूरी नही कि पढ़ाई 24 घंटे की जाए बल्कि पढ़ाई केंद्रित और लक्ष्य आधारित होनी चाहिए।

### समिता ने दूसरे प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा पास की



**गुहला-चीका।** गुहला में बीडीपीओ के पद पर कार्यरत समिता पूंजा कातकड़े ने यूपीएससी की परीक्षा पास की है। उन्होंने इस परीक्षा में 687 वां रैंक हासिल किया है। समिता पूंजा के यूपीएससी की परीक्षा में पास होने पर उनके अधीनस्थ कर्मचारियों में खुशी की लहर है। समिता पूंजा कातकड़े महाराष्ट्र के नासिक की रहने वाली हैं और हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा पास करने के बाद गुहला चीका में पंचायत एवं ग्रामीण विकास अधिकारी के रूप में कार्यरत है। बातचीत में समिता पूंजा ने बताया कि उनकी शुरू से ही पढ़ाई में रुचि रही है। साल 2021 में उन्होंने हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा दी थी और बीडीपीओ के तौर पर गुहला में कार्यरत हैं। बताया कि अपनी ड्यूटी करते 2024 में यूपीएससी के लिए अप्लाई किया था और वे दूसरे प्रयास में सफल हुई हैं।

### साधारण परिवार में जन्मे अजय के गांव में खुशी का माहौल



**अलेवा।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी)की ओर से मंगलवार को जारी परिणाम में जींद जिले के छोटे से गांव हसनपुर के अजय ने चौथे प्रयास में आल इंडिया 940वीं रैंक हासिल कर माता-पिता तथा गांव का नाम रोशन किया है। परिणाम की खबर मिलते ही घर और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। अजय के पिता शमशेर हलवाई का काम करते हैं, जबकि माता राजबाला एक ग्रहणी है। अजय शुरू से ही बहुत मेधावी छात्र रहे हैं। अजय ने अपनी मेहनत और लगन से परिवार का नाम प्रदेश में रोशन कर दिया है। अजय ने अपनी सफ लता का श्रेय अपने माता-पिता और परिवारजनों के साथ-साथ प्राचार्या ममता शर्मा को दिया है। इस सफ लता पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया। अजय ने बताया कि अच्छी रैंक के लिए वह दोबारा से परीक्षा देगा।

### सिमरन ने तीसरे प्रयास में किया पिता का सपना पूरा

- सिमरन की उपलब्धि पर गांव परिवार में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों


अपने माता-पिता के साथ सिमरन।

सफीदों उपमंडल के गांव पाजू खुर्द की छोरी ने यूपीएससी की परीक्षा में देशभर में 66वां रैंक हासिल करके सफीदों क्षेत्र के साथ-साथ अपने गांव पाजू खुर्द व माता-पिता का नाम रोशन किया है। सिमरन की उपलब्धि पर गांव व परिवार में खुशी का माहौल है। 66वां रैंक हासिल करने वाली सिमरन ने 12वीं तक की तालीम सफीदों के निजी स्कूल में ली। उसके बाद उसने दिल्ली विवि से बीए व एमए की परीक्षा पास की। तत्पश्चात वह यूपीएससी की तैयारी में जुट गई। कड़ी मेहनत के बल पर सिमरन ने लोहा मनवाते यूपीएससी के आए परिणामों में पूरे देश में 66वां रैंक हासिल किया। सिमरन के पिता जगबीर खर्ब फिलहाल शिमला में इनकम टैक्स ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं और मामा सुशीला एक ग्रहणी हैं। सिमरन का परिवार करीब 6 साल पहले गांव पाजू खुर्द से सोनीपत में शिफ्ट हो गया था। बता दें कि सिमरन अपने माता-पिता की इकलौती लड़की है।

#### सिमरन की दिनचर्या

सिमरन ने बताया कि वह दिल्ली में यूपीएससी की पढ़ाई कर रही थी। इस दौरान उसने अपनी दिनचर्या निर्धारित की हुई थी। वह सुबह 9 से 1 बजे तक पढ़ाई करती थी। उसके बाद खाना खाने के बाद कभी-कभार सीरियल वगैरह भी देख लेती थी। फिर सायं 2 से 5 बजे तक पढ़ाई करती थी। बीच में फिर एक घंटे का अंतराल लेकर 6 से 8 बजे तक और उसके बाद रात 9 से 2 बजे तक पढ़ाई करती थी।

## असलहा के बल पर ट्रैक्टर-टाली लूटी, किसान का किया अपहरण

- लगभग ढ़ाई घंटे बाद छोड़ा किसान को, ट्रैक्टर और ट्राली बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव सुरबुरा तथा नचारखेड़ा के बीच बीती रात कार सवार युवकों ने असलहा के बल पर किसान को काबू कर ट्रैक्टर ट्राली छीन ली और किसान का अपहरण कर लिया। बाद में आरोपित किसान के गांव संदलाना के निकट छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने छीने गए ट्रैक्टर व ट्राली को सुरबुरा तथा नचारखेड़ा के बीच से लावारिस हालात में बरामद किया है। उचाना थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात कार सवार लोगों के खिलाफ अपहरण करने, शस्त्र अधिनियम, लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उदयपुर निवासी अंकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात को नरवाना मंडी में गेहूं डाल कर ट्रैक्टर ट्राली लेकर अपने घर लौट रहा था। देर रात को गांव सुरबुरा तथा नचारखेड़ा के बीच कार सवार पांच लोगों ने ट्रैक्टर का रास्त रोक लिया था।

## कंपनी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप देकर लगाया 51.74 लाख का चूना

- फर्जी बिल काटने तथा राशि को लौटाने से मना करने का आरोप
- पुलिस ने कंपनी के तीन मालिकों के खिलाफ दर्ज किया धोखाधड़ी का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




ई-बाइक्स कंपनी की डिस्ट्रीब्यूर देने का झांसा दे तथा फर्जी बिल जरनेट कर 51 लाख 74 हजार 189 रुपये हडपने पर उचाना थाना पुलिस ने कंपनी के मालिक समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव उचाना निवासी नसीब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मंडी में ई-रिक्शा इलेक्ट्रिक बाइक की एजेंसी चलाता है। पूना (महाराष्ट्र) निवासी अमित तनवाल, कर्ण तथा झूमरमल ने अपने व्यक्तियों की मार्फत उससे संपर्क साधा। उन्होंने बताया कि वे तनवाल ई मोटर्स, बाइक्स के नाम से तीन फर्म चलाते हैं। उनकी कंपनी हरियाणा में डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त करना चाहती है। जिस पर उसने सहमति दे दी। आरोपितों ने उसे सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया। जिसमें तनवाल के प्रोडक्ट उसे बेचने थे। उसकी फर्म का जीएसटी नंबर भी है। जो मोबाइल फोन से लिंक है। बिल कटने के साथ उसके पास मैसेज आता है। 20 जनवरी 2023 को तनवाल बाइक्स से उसके जीएसटी नंबर पर बिल जरनेट हुआ। जब उसने पूछा तो बताया कि आपने कोई सामान नही खरीदा है। समय पर जो सेल हुई वह तनवाल कंपनी में जमा करवाता रहा।

#### मामले की जांच जारी

23 जनवरी 2023 तक उसे तनवाल कंपनी से 23 लाख 36 हजार रुपये लेने थे। जबकि कंपनी से 23 लाख 46 लाख रुपये काट लिए तो उसने कंपनी में एक करोड़ 41 हजार रुपये जमा करवा रखे थे। जबकि उसने कंपनी से एक करोड़ 31 लाख रुपये का सामान खरीदा था। डिलरशिप लेते समय उसने 15 लाख रुपये की सिक्योरटी कंपनी में जमा करवाई थी। तनवाल कंपनी की तीनों फर्मो की तरफ उसकी 51 लाख 74 हजार 189 रुपये की राशि बकाया है। आरोपितों ने झूठे बिल जरनेट कर उसकी राशि को हडप लिया। उसकी राशि को वापस नही दे रहे हैं। उचाना थाना पुलिस ने नसीब की शिकायत पर अमित तनवाल, कर्ण तथा झूमरमल के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लुदाना में महिला ने फंदा लगाकर दी जान

- छोड़ा सुसाइड नोट, दबाव बनाने, रुपये न देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन। फोटो :हरिभूमि

गांव लुदाना मे मंगलवार को महिला ने संदिग्ध हालात में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतका द्वारा सुसाइड नोट भी छोड़ा गया है। जिसमें आठ लोगो को मौत का जिम्मेवार ठहराया गया है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतका के पति की शिकायत पर आठ लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लुदाना निवासी अजमेर की पत्नी सुदेश ने मगंलवार को अपने मकान में पंखे से फांसी का फंदा लगा लिया। घटना की सूचना पाकर सफीदों के डीएसपी गौरव शर्मा पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। मृतक की चुन्नी से बंधा सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें बताया गया है कि मैं सुदेश देवी अपनी आत्महत्या करने जा रही हूं। मेरे मरने का कारण यह है कि मेरे परिवार पर दबाव है कि सारे परिवार को मारेंगे। धमकी देने वालों के नाम हैं विजय, सतीश, उसकी पत्नी पूनम, बटेऊ साहिल, विकास, सुभाष, अर्चना तथा विरेंद्र हैं। आरोपित धमकी देते हैं। मेरे बेटे का कसूर यह है कि पूजा के कहने पर उसके पति को खेत में ले गया था। नफे परिवार में दस लाख रुपये और सतीश में आठ लाख रुपये हैं। अब देने में आनाकानी कर रहे हैं। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतका के पति अजमेर की शिकायत तथा सुसाइड नोट को आधार मान कर सभी आठ लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है।

## अज्ञात ने दुकान में लगाई आग

- आग लगने से हजारों रुपये का सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के सेक्टर 19 में रात के समय अज्ञात ने कपड़े प्रेस करने वाली महिला की दुकान में आग लगा दी। इससे हजारों रुपये के कपड़े जलकर राख हो गए। महिला कई साल से सेक्टर 19 और 20 के मोड़ के ऊपर अपनी दुकान पर शहर वासियों के कपड़े प्रेस कर रही थी। हालांकि आग लगाने वाले आरोपियों का अभी पता नहीं लग पाया है, लेकिन पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना सोमवार देर रात की है। सूचना पाकर डायल 112 की टीम पहुंची व स्थिति का जायजा लिया। वहीं, इस संबंध में महिला को भी सूचित किया गया। जब तक महिला दुकान पर पहुंची, तब तक सारा सामान जल चुका था। गांव कठवाड़ निवासी महिला पिंकी ने बताया कि वह कई साल से सेक्टर 19-20 में कपड़े प्रेस करने का काम करती है। प्रतिदिन वह शाम को करीब साढ़े सात बजे दुकान बंद कर घर चली गई। किसी अज्ञात आरोपी ने रात के समय उसकी दुकान में आग लगा दी। महिला ने बताया कि दुकान में सेक्टर के लोगों के कपड़े प्रेस करने के लिए आए हुए थे, जिनकी कीमत हजारों रुपये है। वे सब जलकर राख हो गए। इसके अलावा दुकान में रखा काउंटर, कुर्सी, मेज व अन्य सामान भी जल गया। उसे काफी नुकसान हुआ है। महिला ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार भी लगाई है। डायल 112 टीम के अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंच गए थे। स्थिति का जायजा लिया। अभी तक आग लगने वाले आरोपी का पता नहीं लग पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जल्द से जल्द आरोपी के बारे में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

**सुविधा** कैंसर पीड़ित मरीजों की कैथल में ही होगी कीमोथैरेपी

## कैथल के नागरिक अस्पताल में जल्द ही खुलेगा कैंसर का डे-केयर सेंटर

पिछले वित्त वर्ष में कैथल में कैंसर के करीब 625 मरीज सामने आए हैं

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए खुशी की खबर है। अब कैथल के नागरिक अस्पताल में इस वित्त वर्ष में जल्द ही कैंसर का डे-केयर सेंटर खुलने जा रहा है। इससे कैंसर पीड़ति मरीजों को विशेष फायदा होगा। जहां अब कैंसर पीड़ितों को जांच व कीमोथैरेपी के लिए दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ रहा है तो डे-केयर सेंटर खुलने के बाद उनकी कीमोथैरेपी कैथल में ही हो सकेगी। विभाग द्वारा डे-केयर सेंटर की घोषणा किए जाने के बाद अब पर कार्रवाई शुरू हो गई है। तेजी से बढ़ रहा आंकड़ाः बता दें कि पिछले वित्त वर्ष में कैथल में कैंसर के करीब 625 मरीज सामने आए हैं। इससे स्पष्ट है कि कैथल में कैंसर तेजी से पांव पसार रहा है। कैथल के नागरिक अस्पताल में कैंसर उपचार की सुविधा न होने के कारण मजबूरन मरीजों को या तो प्राइवेट अस्पतालों का सहारा लेना पडता है या फिर पीजीआई चंडीगढ व रोहतक जाना पड़ता है। यहां जाने के लिए मरीजों को जहां आर्थिक परेशानी उठानी पडती है तो वहीं उन्हें भारी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। बता दें कि सरकार की ओर से कैंसर पीडित मरीजों को जहां इलाज करवाने हेतु रोडवेज में निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा दी जा रही है तो वहीं उन्हें 3000 रुपये मासिक पेंशन भी दी जाती है। ऐसे करें बचावः फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और कम चर्बी वाले प्रोटीन से भरपूर आहार जरूरी पोषक तत्व और एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करता है, जो कैंसर से बचाने में मदद करते हैं। वहीं, प्रोसेस्ड मीट, मीठे पदार्थ और अधिक मात्रा में फैट वाले खाद्य पदार्थ खाने से खतरा बढ़ सकता है।

#### दूसरे अस्पतालों में जाने से निजात मिलेगी



कैंसर के जिला नोडल अधिकारी डा. संदीप जैन ने बताया कि पिछले वर्ष में जिले में कैंसर के करीब 625 मामले सामने आए हैं। विभाग द्वारा इस वित्त वर्ष में कैथल के नागरिक अस्पताल में डे-केयर सेंटर बनाया जाएगा। इससे मरीजों को विशेष फायदा होगा। मरीजों को कीमोथैरेपी के लिए दूसरे अस्पतालों में जाने से निजात मिलेगी।


जींद। खेतों में लगी आग। फोटो :हरिभूमि

### आग लगने से 80 एकड़ में फसल के अवशेष जले

**जींद।** उचाना क्षेत्र के दुर्जनपुर गांव के खेतों में लगी आग की लपटें नचार खेड़ा, सुरबरा गांव के खेतों तक पहुंची। आग का धुआं आठ से 10 किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। आग लगने की सूचना पाकर उचाना, नरवाना से फायर ब्रिगेड गाड़ी पहुंची। दमकल विभाग के कर्मी किसानों के साथ आग बुझाने में जुट गई है। आग पर काबू पाने के लिए आसपास के गांवों के लोग ट्रैक्टर और स्प्रे पंप लेकर मौके पर पहुंचे हैं। बड़ी मक्शत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों के अनुसार करीब 80 एकड़ में फसल अवशेष एवं 8 एकड़ में खड़ी गेहूं आग की चपेट में आ गई। आग से ट्यूबवेल के सोलर पैनलों को भी नुकसान हुआ। सुरजीत दुर्जनपुर, रामबीर, बलबीर नचार, रमेश सुरबरा ने बताया कि दुर्जनपुर गांव के खेत में लगी आग देखते ही देखते तेजी से फैलने लगी। दो जगहों से आई फायर ब्रिगेड गाडिय़ों एवं किसानों ने मिलकर काफी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। 80 एकड़ में फसल अवशेष जलकर राख हो गए तो आठ एकड़ के करीब में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

## खबर संक्षेप

### आसपास पानी एकत्रित नहीं होने दें : सुशील

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत जाजवान गांव में एमपीएचडब्ल्यू सुशील ने नुक्कड़ सभाएं कर मलेरिया डेंगू बुखार के कारण, लक्षण, बचाव बारे जागरूक किया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं बारे जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य कर्मी द्वारा छतों पर पड़े कबाड़ को साफ करवाया। कूलर, होदी व फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे के पानी में लार्वा की जांच की गई।

### मरीजों को फल वितरित किए

**नरवाना।** मंगलवार को जय शिव शंकर भोलेनाथ बाबा बर्फानी भूखे को अन्न प्यासे को पानी नामक फ्री भोजनालय के तहत सरकारी अस्पताल में दाखिल मरीजों व परिजनों को भोजन व फल वितरित करते नरवाना शहर विकास समिति के चेयरमैन पवनजीत सिंह व नरवाना शहर विकास समिति के सक्रिय सदस्य राममेहर फौजी ने पवनजीत बनवाला के निजी आवास पर उनके परिजनों द्वारा तैयार किया जाता है।

### विकास बने लायंस क्लब जींद सिटी के प्रधान

**जींद।** लायंस क्लब जींद सिटी की बैठक में विकास मित्तल को प्रधान नियुक्त किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में पूर्व प्रधान सुनील गर्ग ने विकास मित्तल का नाम सुझाया। जिसका सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने समर्थन किया। वर्तमान अध्यक्ष मनीष सिंगल, चार्टर अध्यक्ष सुरेश जिंदल और सभी पूर्व अध्यक्षों ने नए प्रधान का स्वागत किया।

### हर्षोल्लास से मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**नरवाना।** हरियाणा शिक्षा विभाग के निर्देशनुसार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा मे इको क्लब के तत्वाधान मे पृथ्वी दिवस कार्यक्रम मनाया गया इको क्लब इंचार्ज प्राध्यापक जीव विज्ञान हरदीप सिंह ने प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय अध्यापक प्रदीप जागलान के पृथ्वी दिवस पर लिखे लेख पर चर्चा करते एबच्चों को पृथ्वी दिवस के इतिहास तथा महत्व पर प्रकाश डाला।

### फिजिकल फिटनेस में शामिल हुए 70 कैडेटस

**जींद।** अहिरका गांव के आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 15वीं हरियाणा बटालियन जींद द्वारा जेडी और जेडब्ल्यू के नए एनरोलमेंट किए गए। इसमें एनसीसी द्वारा भेजे गए ओ हवलदार विकास गुरंग और हवलदार बलबीर ने बच्चों का फिजिकल फिटनेस और एनसीसी से रिलेटिड एग्जाम लिया। इसमें एनसीसी के 70 कैडेट्स शामिल हुए। स्कूल प्रबंधक वजीर सिंह ढांडा व प्रधानाचार्या सुधा शर्मा ने नए बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### थुआ में ट्यूबवेल से बिजली की तार चोरी

**अलेवा।** सोमवार रात को चोर गांव थुआ के खेतों में बने कमरे से ट्यूबवेल तक जा रही बिजली सप्लाई वाली तार चोरी कर फ रार हो गए। थुआ निवासी खुशी राम ने इसकी शिकायत नगूरां चौंकी पुलिस को दी है। पुलिस को दी शिकायत में किसान खुशी राम ने बताया कि उसका खेत थुआ से डाहौला वाले रास्ते पर है।

### संजय चौधरी प्रांतीय संयोजक नियुक्त

**नरवाना।** भारत विकास परिषद शाखा नरवाना तथा प्रदीप गर्ग शाखा अध्यक्ष केशव शाखा नरवाना ने बताया कि आगामी सत्र 2025 26 हेतु प्रांत स्तर पर एक और नई जिम्मेवारी प्राप्त हुई। केंद्रीय कार्यकरिणी ने शाखा नरवाना के वरिष्ठ सदस्य संजय चौधरी को प्रांतीय संयोजक संस्कार प्रकल्प के प्रमुख पद प्रदान किया। गौरतलब हैए इससे पहले शाखा नरवाना के सम्मानित सदस्य सुरेश मित्तल को प्रांतीय प्रदेश अध्यक्ष का उत्तरदायित्व मिला है।

### नशा मुक्ति अभियान पर किया मंथन

जींद। कंडेला गांव में खाप प्रधान धर्मपाल कंडेला की अध्यक्षता में सर्वजातीय 28 कंडेला खाप की बैठक संपन्न हुई। बैठक में खाप सदस्यों ने नशा मुक्ति अभियान पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। खाप उपप्रधान दयानंद नम्बरदार, प्रवक्ता मा. कर्मवीर मौजूद रहे।

## हिमोफीलिया रोग को लेकर फैक्टर ड्रिस्ट्रीब्यूटर कैंप का आयोजन

# मरीजों को किसी तरह की नहीं आने दी जाएगी दिक्कतः कोहली

### सीएमओ डा. सुमन कोहली ने हिमोफिलिया मरीजों को आश्वावस्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में हिमोफीलिया रोग को लेकर फैक्टर ड्रिस्ट्रीब्यूटर कैंप व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ डा. सुमन कोहली, एमएस डा. अरविंद, नोडल अधिकारी डा. शिप्रा, डा. जितेंद्र, डा. संकल्प, डा. चंद्रमोहन सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने हिमोफिलिया मरीजों को आश्वावस्त किया कि उन्हें किसी तरह की परेशानी नही आने दी जाएगी। अस्पताल द्वारा हीमोफीलिया मरीजों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। हीमोफीलिया की नोडल अधिकारी डा. शिप्रा ने हिमोफिलिया रोग को लेकर जानकारी दी और बताया कि शरीर में थोड़ा कट लगे के बाद थोड़ा खून बहना के बाद बंद हो जाता है लेकिन कई लोगों के साथ ऐसा नहीं होता है। हीमोफीलिया में खून बहना बंद नहीं होता है और इसमें जान जाने का भी खतरा होता है। यह बीमारी अधिकतर आनुवांशिक कारणों से होती है यानी माता-पिता में से किसी को ये


जींद। आईसपैक वितरित करते सीएमओ डा. सुमन कोहली।


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डा. शिप्रा।

बीमारी होने पर बच्चे को भी हो सकती है। बहुत कम ऐसा होता है कि किसी और कारण से बीमारी हो। नोडल अधिकारी डा. शिप्रा ने बताया कि हीमोफीलिया दो तरह का होता है। हीमोफीलिया ए में फैक्टर 8 की कमी होती और हीमोफीलिया बी में घटक 9 की कमी होती है। दोनों ही खून में थक्का बनाने के लिए जरूरी हैं। यह एक दुर्लभ बीमारी है। उन्होंने बताया कि एक समय पहले हीमोफीलिया का इलाज मुश्किल था लेकिन अब घटकों की कमी होने पर इन्हें बाहर से इंजेक्शन के जरिये डाला जा सकता है। अगर बीमारी की गंभीरता कम है तो दवाइयों से भी इलाज हो सकता है। अगर माता या पिता को ये बीमारी तो उनसे बच्चे में आने की संभावना होती है। ऐसे में पहले ही इसकी जांच कर ली जाती है। वहीं भाई-बहन में से किसी एक को है लेकिन दूसरे में उस समय इसके लक्षण नहीं है तो आगे चलकर भी ये बीमारी होने की आशंका बनी रहती है। इसलिए बीमारी का समय पर पता चल जाने पर इंजेक्शन देकर इलाज हो सकता है। उन्होंने बताया कि सिर में बहुत तेज दर्द होना, बार-बार उल्टी आना, गर्दन में दर्द होना, धुंधला या दोहरा दिखना, बहुत ज्यादा नींद आना, चोट से लगातार खून बहना आदि लक्षण दिखें तो तुरंत चिकित्सक को दिखाना चाहिए और परामर्श लेना चाहिए। जिले में अबतक 39 के करीब हीमोफीलिया के मरीज हैं। जिसका रजिस्ट्रेशन जिला जींद अस्पताल में किया जा चुका है।

## साइक्लोथान यात्रा में कंडेला खाप लेगी भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बैठक में भाग लेते खाप प्रतिनिधि। फोटो :हरिभूमि

सर्व जातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी टेकराम कंडेला की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मुख्यालय पर नशा मुक्त हरियाणा को लेकर 24 अप्रैल को सीएम नायब सिंह सैनी के सफीदों रोड परशुराम चौक पर सुबह के समय 6 बजे साइकिल यात्रा की मुहिम साइक्लोथान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा भी शामिल होंगे। कंडेला ने कहा कि सर्वखाप, जनकल्याण, किसानों से जुड़े संगठन व सर्वजातीय कंडेला खाप के युवा व बुजुर्ग भारी संख्या में शामिल होंगे। कंडेला ने कहा कि इस यात्रा की तैयारी खाप पंचायत की कई टीमों का गठन कर दिया गया है। जो हर गांव में जाकर लोगों को जागरूक करेगी और हरियाणा प्रदेश में खाप पंचायत व सामाजिक संगठन पूरी ईमानदारी से इस कार्य में जुटे हैं। जन कल्याण मंच व अनुशासन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीरा दालमवाला, नगूरां बारह खाप के प्रधान धर्मपाल ने कहा कि टेकराम के नेतृत्व में हमारा संगठन लंबे समय से नशा रोको अभियान व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के काम कर रहा है। कृष्ण नंबरदार, बलवान नगूरां, हजूरा सिंह, जिला किसान यूनियन के प्रधान अजमेर दालमवाला, प्रताप सिंह, नंदी राम, लक्ष्मी चंद, बनी सिंह आदि मौजूद थे।


जींद। धरने को संबोधित करता वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### वित्त मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी पैंशनर्ज फैडरेशन के आह्वान पर लोकसभा में पैंशन वित्त विधेयक 2025 पास करने के विरोध में एवं पैंशन भोगियों के अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इसके बाद लघु सचिवालय प्रांगण में प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय वित्त मंत्री के नाम नायब तहसीलदार बलवान जाखड़ को ज्ञापन सौंपा। नायब तहसीलदार ने विश्वास दिलाया कि उन्हें सौंपे ज्ञापन को उपायुक्त के माध्यम से केन्द्र सरकार की सेवा में भिजवा दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जिला जींद के प्रधान विक्रम सिंह ने की। कहा कि पैंशन हमारा हक है कोई खैरात नहीं। लोकसभा में पैंशन वित्त विधेयक पास करने के बारे में जानकारी देते केंद्र सरकार से मांग की कि सरकार पैशनभोगियों के विरोध वाले इस विधेयक को वापस ले।

### जुलाना में 8.337 लाख किवंटल गेहूं की आवक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में गेहूं की तेजी से आवक हो रही है। मंडी में अब तक आठ लाख 337 किवंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। मंडी से रोजाना 70 हजार बैग गेहूं का उठान हो रहा है। मंडी में वेयरहाउस ने कॉमर्शियल खरीद करते हुए 30 हजार किवंटल गेहूं की खरीद की है। कॉमर्शियल खरीद में प्रति क्विंटल एक रुपया ज्यादा खरीद की जाती है। ऐसे में किसानों को फायदा होता है लेकिन कॉमर्शियल खरीद में साफ गेहूं ही खरीदा जाता है। मंडी में गेहूं 2425 रूपये प्रति किवंटल के हिसाब से खरीदा जा रही है। कॉमर्शियल खरीद में किसान को 2425 रुपये की जगह 2426 रुपये मिलेंगे। ऐसे में किसानों को फायदा होगा। वहीं खरीद एजेंसी के अनुसार लगभग 60 हजार क्विंटल गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में किसानों को 60 हजार रुपये का फायदा होगा।

### विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता, कलरिंग वर्कशीट व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं से बच्चों ने धरती बचाओ, जीवन बचाओ का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लों ने बच्चों को पृथ्वी दिवस मनाने का कारण बताते हुए पर्यावरण की रक्षा करने का प्रण दिलाया। स्कूल की प्राचार्या राज रेढू ने कहा कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है, उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। इसलिए 22 अप्रैल को दुनियाभर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


जींद। विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।


जींद। मंडी में मौजूद किसानों का पीला सोना। फोटो :हरिभूमि

### फसल अवशेषों को खेत में न जलाएं

**जींद।** जिले की अनाज मंडियों में रबी सीजन की गेहूं फसल की आवक लगातार जोर पकड़ रही है और खरीद कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि गत दिवस तक जिले की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर कुल 4,79,969 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की जा चुकी है। जिसे विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीदा जा चुका है। खरीद प्रक्रिया को सुचारू और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सभी जरूरी तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली गई थी। गेहूं की खरीद में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 1,70,069 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 1,75,919 मीट्रिक टन, एफसीआई द्वारा 4,352 मीट्रिक टन और एचडब्ल्यूसी द्वारा 1,29,629 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला प्रशासन किसानों के सहयोग से स्वच्छ, सुरक्षित और उत्पादक कृषि परिवेश तैयार करने के लिए संकल्पबद्ध है।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा शिक्षण में एलएमएस की उपयोगिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में डा. गिरधर गोपाल जो कि एसडी कॉलेज अंबाला कैंट में कंप्यूटर विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद में कार्यरत हैं ने मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता की भूमिका निभाई। महाविद्यालय की आईक्यूएसी की संयोजिका डा. गीता गुप्ता सहित सभी सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया। सर्वप्रथम डा. गिरधर ने संपूर्ण आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के सदस्यों के साथ वार्ता में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के अंतर्गत महाविद्यालय में किए जाने वाले गुणवत्ता संबंधी प्रमुख कार्यों एवं योजनाओं पर विचार किया। तत्पश्चात कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टाफ। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। जानकारी देते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**नरवाना।** शहरी क्षेत्र नरवाना में डॉ बिंदलिश वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी नरवाना के निर्देशानुसार व डॉक्टर कपिल शर्मा के नेतृत्व में नागरिक हॉस्पिटल नरवाना के स्वास्थ्य टीम ने मोर पत्ती क्षेत्र में राजकीय प्राथमिक पाठशाला मोर पट्टी में साथ में अध्यापक गण और स्कूल के सभी बच्चों को मलेरिया डेंगू चिकनगुनिया ज ई आदि की बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी बुखार होने पर रक्त पट्टी का बनाएं सुबह.शाम शरीर को पूरी तरह से कपड़े ढके पानी के बर्तनों को अच्छी तरह ढके सप्ताह में एक बार सूखा दिवस मनाए आसपास टंकियां गड़े कूलर और फ्रिज होदी को खाली करें घरों की खिड़कियों व दरवाजे पर जाली लगवाए सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें मच्छर भगाओ मलेरिया हटाओ आदि की जानकारी दी स्वास्थ्य कर्मी दर्शन सिंह राजवीर सिंह बलजीत सिंह व गुरदेव एमपीएसडब्ल्यू साथ में शमशेर सिंह मुख्य अध्यापक मौजूद रहे।


जींद। पौधे रोपित करने आए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### प्रकृति का कभी भी अपमान न करे

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने पृथ्वी को हरा भरा रखने का सुझाव देते सभी बच्चों को बताया कि प्रकृति का कभी भी अपमान न करें। प्रकृति से ही हमारा जीवन है। धरती हमारी मां है और बच्चों का जुड़ाव पृथ्वी रूपी मां से होना आवश्यक है। प्रकृति का काम है हमारी सेवा करना और हमारा काम है प्रकृति का आदर करना। प्रकृति हमें सब कुछ देती है। इसलिए हमें भी प्रकृति को देना आना चाहिए। हमें हमारे जीवन के लिए प्रकृति को संभालना जरूरी है। प्रकृति को संतुलित रखने के लिए हमें पेड़ व पौधे लगाने चाहिए। हमें पेड़, पौधों का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि वह हमें ऑक्सीजन देते हैं। जिससे हमारा जीवन चलता है। हमें जीव व जंतुओं को नहीं मारना चाहिए तथा प्लास्टिक के थैले छोड़कर कपड़े के थैले प्रयोग करने चाहिए।

# एबीवीपी ने काटे एसी कनेक्शन

- छात्र कल्याण के लिए दी जा रही राशी का अपने सुख के लिए प्रयोग कर रहा विवि प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



एबीवीपी चौधरी रणबीर सिंह विवि इकाई ने विवि प्रशासन पर सरकार द्वारा दिए जा रहे छात्र कल्याण के लिए बजट का प्रयोग अपने मूलभूत सुख सुविधाओं को पूरा करने जैसे ऐसी, फर्नीचर आदि को खरीदने में करके छात्रों को महंगी फीस पर शिक्षा दे रही है। ईकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि विवि ने पिछले वर्ष करोड़ों के एसी खरीदे हैं, वह उन्हें हर एक क्लर्क व प्रोफेसर के कमरे में लगवा दिया। जबकि किसी भी छात्र के कमरे में कोई ऐसी नही लगा है। एबीवीपी का आरोप है कि विवि कर्मचारी को ऐसी कौन सी तकलीफ है कि गर्मी से जो छात्रों को नहीं होती है। ईकाई उपाध्यक्ष हिमेश यादव व राखी ने कहा कि सरकार द्वारा यह पैसा छात्रों को सस्ती शिक्षाएं देने के लिए किया जाता है लेकिन विवि प्रशासन कभी एसी खरीद लेता है तो कभी फर्नीचर। छात्रों के बैठने के लिए बेंच नही हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर करोड़ों खर्च कर दिए जाते हैं और जब फंड की कमी हो जाती है तो छात्रों से पैसा मोटी मोटी फीस के रूप में वसूला जाता है। विवि की फीस अन्य विवि से दो से तीन गुणा अधिक है और इसका कारण यही है कि विवि प्रशासन सरकार द्वारा दिए फंड का प्रयोग सुख सुविधाओं को पूरा करने के लिए करता है व छात्रों को इसका बोझ सहना पड़ता है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने बताया कि समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए सभी क्लर्क में प्रोफेसर के कमरे से एसी के तार काट दिए व विश्वविद्यालय प्रशासन को चेतावनी दी कि जब तक छात्रों को ऐसी मिलेंगे या नहीं इस बात का जवाब नहीं दिया जाता तब तक कोई भी ऐसी का प्रयोग नही करेगा। इस मौके पर नगर कार्यालय मंत्री मयंक बंसल, नगर मंत्री प्रतीक शर्मा, दीपक आदि मौजूद रहे।


जींद। कार्यक्रम में मौजूद बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### आधारशिला स्कूल में अभिनंदन समारोह

**जींद।** जेईई की परीक्षा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में मंगलवार को आधारशिला विद्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों संग अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यार्थियों ने अभिभावकों के स्वागत में गणेश वंदना नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों में रितेश पूनिया, साकेत, उदित, दिक्षांत, दिशांत व लक्षिता ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट स्वरूप दिए गए। विद्यालय प्रबंधक समिति ने सभी अभिभावकों को पौधे उपहार स्वरूप देकर पृथ्वी दिवस की बधाई दी। पृथ्वी दिवस के माध्यम से इसके संवर्धन एवं संरक्षण के विषय में जानकारी दी।

## राजकीय महिला महाविद्यालय ने जागरूकता रैली निकाली

# पृथ्वी की रक्षा के लिए जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महिला कालेज जींद में पृथ्वी दिवस के अवसर पर महत्वपूर्ण पहल की गई। जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देना था। इस आयोजन के माध्यम से कॉलेज ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। प्रिंसिपल जेएन गहलावत की अध्यक्षता में एनसीसी और एनएसएस सेल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। एनसीसी सीओ कर्नल केएस


जींद। जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

ढोडी के निर्देशों के अनुसार पृथ्वी दिवस जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रिंसिपल जेएन गहलावत ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें पृथ्वी की रक्षा में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। रैली का समापन स्टाफ सदस्यों, कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा पृथ्वी की रक्षा के लिए संकल्प लेने के साथ हुआ। स्टाफ सदस्यों ने साइकिल, पैदल चलकर कॉलेज आने का उदाहरण पेश किया। जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीसी अधिकारी प्रियंका दलाल, एनएसएस पीओ प्रतिभा दलाल और आशी मित्तल ने की। जिसमें सहायक प्रोफेसर रमेश और ज्योति भी शामिल हुए। इस आयोजन ने पर्यावरण जागरूकता और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा दिया। जिससे कॉलेज समुदाय की भविष्य की पीढ़ियों के लिए ग्रह को संरक्षित करने की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन हुआ।

### महत्वपूर्ण पहल

कॉलेज समुदाय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी और स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहन मिला। आयोजन के माध्यम से कॉलेज ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की और विद्यार्थियों को पृथ्वी की रक्षा में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण पहल थी जिसका प्रभाव कॉलेज समुदाय पर लंबे समय तक रहेगा।


जींद। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते यूनियन सदस्य।

### राज्य स्तरीय सम्मेलन संपन्न

**जींद।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी एकता यूनियन का त्रिवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन बलवान सिंह की अध्यक्षता में सैनी धर्मशाला में हुआ। मुख्यअतिथि के रूप में ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिनारायण शर्मा और कामरेड जय सिंह धनखड़ ने शिरकत की। नई राज्य कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें पवन सहारण को राज्य प्रधानए चंद्रभान सौलंकी को राज्य महासचिव, रामकुमार को राज्य उपमहासचिव, खुशीराम दलाल को कैशियर, जगदेव सिंह यादव को ऑडिटर, संजय गुलाटी को चेयरमैन, अनिल कुमार को मुख्य संगठन सचिव, प्रदीप कुमार को कानूनी सलाहकार, संदीप कटारिया को प्रेस सचिव, सहदेव को कार्यालय सचिव, सुनील कुमार को संगठन सचिव, सत्यवान और शमशेर को प्रचार सचिव बनाया गया। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष पवन सहारण ने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## खबर संक्षेप

### भुगतान 48 घंटे में करने के दावे फेल: कंवरपाल

पूंडरी। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री के गेंहू खरीद, उठान व भुगतान 48 घंटे में करने के सभी दावे फेल सिद्ध हुए हैं, जबकि 48 घंटे में गेंहू का उठान नहीं हो रहा है तो भुगतान सरकार कैसे करेगी। सरकार ने गेंहू उठान का टैंडर लेट दिया और मंडियों में बारदाना लेट देने के कारण गेंहू उठान में देरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के कारण लाखों मैट्रिक टन गेंहू मंडी व सड?ों में पड़ी है। गेंहू का उठान सिर्फ 31 प्रतिशत मंडियों में हुआ है और पूंडरी अनाज मंडी के हालात तो बद से बदतर हो गए हैं। समय पर उठान न होने के कारण गेंहू मंडी व सड?ों पर खराब हो रही है।



### डीएवी कॉलेज में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

गुहला-चीका। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए 7वें पोषण पखवाड़ा के तहत, डीएवी कॉलेज, चीका की एनएसएस इकाइयों ने छात्रों और स्थानीय समुदाय के कल्याण के लिए एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर (मेडिकल चेकअप कैंप) का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, कुपोषण के प्रति जागरूकता और बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना था। इस कैम्प में नागरिक हॉस्पिटल गुहला की टीम ने शिरकत की ।कॉलेज प्राचार्य डॉ॰ जसबीर सिंह ने हॉस्पिटल से आए डॉ॰ अर्श, डॉ॰ शुभम, एएनएम रेनू का स्वागत किया । बताया की इस कैंप में 130 छात्रों और शिक्षकों ने अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाई ।

### साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

कैथल। बढते साइबर क्राइम को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के आदेशानुसार जिला पुलिस की टीमें जिले में विभिन्न स्थानों पर हेल्पडेस्क लगाकर आमजन को साइबर अपराधों बारे जागरूक कर रही है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को साइबर थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की अगुवाई में साइबर पुलिस द्वारा पंचमुखी चौक ढांड व बस स्टैंड ढांड पर साइबर हेल्पडेस्क लगाकर आमजन को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### आगजनी की घटनाओं को लेकर सीएम गंभीर

पूंडरी। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और मार्किट कमेटी ढांड के पूर्व चेयरमैन ईशम सिंह साकरा ने कहा कि प्रदेश में हाल में हुई आगजनी की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री पूरी तरह से गंभीर हैं। मुख्यमंत्री स्वयं एक किसान के बेटे हैं, वो किसान के हर दुख दर्द को जानते हैं। सीएम ने बिना किसी देरी के इस मसले को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की और प्रभावित किसानों व पशुपालकों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि कि आगजनी की घटनाओं से फसलों, पशुओं या अन्य जानमाल का नुकसान हुआ है।

## साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा का कैथल प्रवेश करने पर विधायक ने गांव पबनावा में किया भव्य स्वागत

# लड़ेंगे, जीतेंगे, नशे को जड़ से खत्म करेंगे : सतपाल

## नशे से दूर रहकर खेलों की तरफ बढ़कर अपने भविष्य को संवारे युवा : ज्योति सैनी

■ आरटीए गिरीश कुमार ने यात्रा का अभिनंदन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर प्रदेश भर में ड्रग्स फ्री हरियाणा के संकल्प के साथ चल रही साइक्लोथॉन 2.0 (साइकिल यात्रा) ने मंगलवार सुबह कुरुक्षेत्र से चलकर जिले के गांव पबनावा में कैथल जिले की सीमा में प्रवेश किया। जहां पूंडरी विधायक सतपाल जांबा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, पबनावा गांव के सरपंच सहित भारी संख्या में एकत्रित गणमान्य लोगों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, युवाओं सहित क्षेत्र से आए लोगों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। जिला प्रशासन की ओर से एडीसी दीपक बाबू लाल करवा व आरटीए गिरीश कुमार ने यात्रा का अभिनंदन किया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे डॉ. अशोक वर्मा ने उपस्थित जनसमूह को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। यात्रा के दौरान हजारों साइकलिस्ट ने भाग लिया और नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की। कई जगहों पर नशा न करने की शपथ के साथ लौटा नमक भी डलवाया गया।

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को नशा मुक्त करने के लिए साइक्लोथॉन जैसी बड़ी मुहिम शुरू की है, जो अपने मूल उद्देश्य को सार्थक करते हुए आगे बढ़ रही है। जगह जगह यात्रा को पूरा जनसमर्थन मिल रहा है। हम मिलकर नशे के खिलाफ लड़ेंगे, जीतेंगे और नशे को जड़ से खत्म करेंगे और मुख्यमंत्री जी के ड्रग फ्री हरियाणा के सपने का साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों पर नजर रखनी चाहिए, क्योंकि नशा माफिया किसी को नहीं छोड़ता। उनके लिए पैसा ही सब कुछ है। किसी का परिवार उजड़े उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा को नशा मुक्त बनाने का संकल्प ले लिया है। युवाओं को खेलों की ओर बढ़ावा देने के लिए खेल स्टेडियम व नर्सरियां खोली जा रही हैं। हाल ही में जिला में अनेक खेल नर्सरियां खोली है।

युवाओं को खेलों की ओर अग्रसर होकर अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस यात्रा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि इसका संदेश साथ लगते दूसरे राज्यों तक भी जाए। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए यह पहल की है। जिसमें पूरा प्रदेश बढ़चढ़ कर भाग ले रहा है। जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल ने अपने संबोधन में कहा कि यह यात्रा युवाओं को नशे के प्रति जागरूक कर रहा है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और छोटी दूरी के कार्यों के लिए साइकिल का प्रयोग करें। इस अवसर पर आरटीए गिरीश कुमार, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन विकास बालियाण, उपनिदेशक पशुपालन, जिला बागवानी अधिकारी हीरा लाल, पूंडरी यूएचबीवीएन से कार्यकारी अभियंता, जिला परिषद सदस्य जितेंद्र, भाजपा नेता सुरेश संधू, आदित्य भारद्वाज, भाजपा नेत्री निधी मोहन आदि उपस्थित थे।





पूंडरी। पहुंचती साइक्लोथान यात्रा व विधायक सतपाल जांबा साइक्लोथान यात्रा को संबोधित करते व साइक्लोथान यात्रा में भाग लेते बुजुर्ग और युवा। फोटो :हरिभूमि

### नशा मुक्त हरियाणा के संदेश को प्रदेश के जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प : अशोक गुर्जर

भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नशा मुक्त हरियाणा के संदेश को प्रदेश के जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर साइकिल यात्रा आगे बढ़ रही है। इस अभियान में युवा, महिला, पुरुष, बुजुर्ग खूब जोश दिखा रहे हैं। अगर हमें अपनी अगली पीढ़ी के लिए अच्छा, स्वच्छ और नशामुक्ति माहौल देना है तो हम सब को इस आंदोलन में बढ़चढ़ कर भाग लेना होगा। गांव पबनावा में ब्लॉक समिति चेयरमैन ईश्वर साकरा, ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच कश्मीर सिंह, सुरजीत सिंह, बलबीर सिंह, मियां सिंह, कृष्ण कुमार, विकास, राजकिशन, ईश्म सिंह साकरा, मुकेश, बीईओ नरसी राम ने यात्रा में शामिल युवाओं का स्वागत किया।

### इस प्रकार चला साइक्लोथॉन का कारवां

सबसे पहले साइक्लोथॉन यात्रा जिले के पबनावा गांव पहुंची। जहां पूंडरी विधायक सतपाल जांबा व भाजपा जिला अध्यक्षा ज्योति सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति यात्रा का स्वागत किया। जहां आयोजित स्वागत कार्यक्रम के बाद यात्रा ढांड की ओर रवाना हुई। ढांड पहुंचने पर ग्रामीणों के साथ साथ प्रशासनिक अधिकारियों व गणमान्य लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा गांव फरल व पूंडरी में यात्रा का स्वागत किया गया। पूंडरी में यात्रा में शामिल लोगों के लिए ग्राम पंचायत फतेहपुर के सरपंच सोहन लाल व डीडीए बाबू लाल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। यहां भोजन व जलपान की व्यवस्था की गई। इसके बाद मूंदड़ी, शुगर मिल के निकट भी यात्रा का स्वागत किया गया विभिन्न विभागों द्वारा स्वागत प्वाइंटस पर पेयजल व जलपान का आयोजन किया गया। साथ ही स्थानीय लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया।



### विधायक सहित भाजपा नेताओं व अधिकारियों ने चलाई साइकिल

पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा ने गांव पबनावा में जिले की सीमा में पहुंचते ही यात्रा का स्वागत किया। वे वहीं से साइकिल चलाकर यात्रा में शामिल हुए। विधायक ने स्वयं पबनावा से ढांड, ढांड से फरल, पूंडरी व गांव मूंदड़ी तक साइकिल चलाकर युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने भी गांव पबनावा में साइकिल चलाकर नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया। इसके अलावा एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, आरटीए गिरीश कुमार सहित कई अधिकारी भी कैथल तक साइकिल चला यात्रा में शामिल हुए। विधायक सतपाल जांबा साइक्लोथॉन यात्रा को झंडी दिखाकर जींद के लिए करेंगे रवाना विधायक सतपाल जांबा बतौर मुख्य अतिथि ह्यएक साइकिल यात्रा-नशा मुक्ति के नामह्न नारे के साथ 23 अप्रैल को प्रातः पुलिस लाइन से साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा को झंडी दिखाकर जींद के लिए रवाना करेंगे। इस मौके पर ही आयुष विभाग की ओर से योगासन का अभ्यास करवाया जाएगा। पुलिस लाइन से यात्रा महाराजा मिहिर भोज चौक, पिहोवा चौक, पुराना बस अड्डा, जाखौली अड्डा आदि से होते हुए चंदाना, कैलरम, बाता, कलायत तथा शिमला गांव से जींद जिले में प्रवेश करेगी।



### भूगोल में करियर की अपार संभावनाएं : अजय देशवाल

कैथल। श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में भूगोल विभाग द्वारा पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें स्काईलाइन इंस्टीट्यूट आफ जिओ इनफॉर्मेटिक, रोहतक की तरफ से अजय देशवाल को मुख्य वक्ता के तौर पर बुलाया गया। भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. राम जुवारी ने प्राचार्य सुनील गर्ग एवं मुख्य वक्ता का स्वागत किया। प्राचार्य ने सभी छात्राओं को पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण को बचाने की सलाह दी । उन्होंने आयोजित कार्यक्रम के लिए भूगोल विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गर्ग ने भारत सरकार के स्किल इंडिया डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों का हवाला देते हुए छात्राओं को भूगोल विषय के तकनीकी कोर्सों में रोजगार के अवसरों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता अजय देशवाल ने दूर संवेदन एवं भौगोलिक सूचना तंत्र में किस प्रकार भूगोल का विद्यार्थी अपना कैरियर बन सकता है विस्तार से बताया। उन्होंने जीपीएस का उपयोग, ड्रोन तकनीक क्या है और इसमें रोजगार के अवसर किस प्रकार प्राप्त किया जा सकते हैं आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। देशवाल ने बताया की जिओस्पेशियल टेक्नोलॉजी से टाउन प्लानर, डेमोग्राफर, कैटोग्राफर एनवायरमेंटल स्पेशलिस्ट, सर्वेयर, ट्रांसपोर्ट प्लानर, सोयल कंजर्वेशनिष्ट, डिजास्टर व रिस्क मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट के तौर पर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## आधुनिक समय में संस्कृत भाषा का महत्व विषय पर भव्य व्याख्यान एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय में 'आधुनिक समय में संस्कृत भाषा का महत्व' विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान एवं रचनात्मक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यबीर मेहला और मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिष्ठित आचार्य महावीर प्रसाद विद्यावाचस्पति ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मानित अतिथि के रूप में सरदार गुरमुख सिंह वड़ैच भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. सत्यबीर मेहला ने मुख्य वक्ता और सम्मानित अतिथि का अभिनंदन करते हुए संस्कृत भाषा को सभी भाषाओं की जननी और एक पूर्णतः वैज्ञानिक भाषा बताया। आचार्य महावीर ने संस्कृत भाषा के व्यापक ज्ञान भंडार और विज्ञान के अटूट संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यद्यपि वर्तमान में यह भाषा आम बोलचाल में नहीं है, तथापि इसमें निहित ज्ञान और विज्ञान के कारण आज भी पूरा विश्व भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहा है। उन्होंने आयुर्वेद, गणित, धनुर्वेद, रसायन विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान और भौतिक विज्ञान जैसे विविध विषयों के सूक्ष्म सूत्रों का उल्लेख करते हुए बताया कि संस्कृत भाषा न केवल ज्ञान बल्कि विश्व शांति का मार्ग भी प्रशस्त करती है। उन्होंने ब्रह्मांड के सभी तत्वों के ज्ञान को समाहित करने वाली इस भाषा की महत्ता पर जोर दिया।इस अवसर पर, महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के 'जम्मू वृक्ष' नामक नाटक, जिसने युवावस्था महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, की विशेष सराहना की गई। हरियाणा संस्कृत अकादमी, पंचकूला द्वारा ब्रह्मा सरोवर के तट पर प्रस्तुति के लिए आमंत्रित इस नाटक के कलाकारों को 10,000 की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कैथल। प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थी अधिकारियों के साथ ।

### ग्रीन क्लब ने विश्व पृथ्वी दिवस हर्ष से मनाया

पूंडरी। अकाल अकादमी हाबड़ी में गो ग्रीन क्लब के तत्वावधान में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरुआत गो ग्रीन क्लब की इंचार्ज मोनिका द्वारा पृथ्वी दिवस से संबंधित रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी साझा करने से हुई। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने कविताओं और लेखों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया और सभी को जागरूक रहने का संदेश दिया। स्कूल की प्रिंसिपल गुरप्रीत कौर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में हर्ष के साथ मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ बहुत ही अनोखे तरीके से हमारी शक्ति हमारा ग्रह थीम के साथ मनाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से नौवीं और 11वीं के विद्यार्थियों ने बढ़ -चढ़कर भाग लिया। इस दौरान कक्षा नर्सरी से दूसरी के विद्यार्थियों ने ग्रीन वस्त्र पहने और हरे रंग के फल के साथ पर्यावरण को बचाने की पहल की। इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है और वे अपने ग्रह की सुरक्षा के महत्व को समझते हैं। नन्हे-मुन्ने बच्चों को पर्यावरण से जुड़ी वीडियो दिखा कर उसके महत्व को समझाया गया। बच्चों ने चित्रकारी, चार्ट, पोस्टर व अन्य माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण से वातावरण को साफ और प्रदूषण रहित बनाने का प्रण लिया। पृथ्वी दिवस पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी अपनी चित्रकला में रंग भरे और क्राफ्ट के माध्यम से भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने बच्चों को बताया कि हमारी पृथ्वी हमसे कभी भी कुछ बदले में नहीं लेती है, हमें प्रकृति के प्रति जागरूक होना पड़ेगा तभी हम पृथ्वी को बचा सकते हैं। विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते उन्हें सदैव अपनी पृथ्वी की सुरक्षा व संरक्षण हेतु जागरूक और समर्पित रहने की प्रेरणा दी।



विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी

## सिपाही रामचंद्र स्मारक का अनावरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डोगराई (पाकिस्तान)पर विजय पाने वाली जाट रेजीमेंट की तृतीय बटालियन अमर बलिदानी सिपाही रामचंद्र जिन्होंने 21-22 सितंबर 1965 की वो काली रात जिसने भारत के इतिहास में सबसे बड़ी पहली खूनी लड़ाई जो उस से पहले व बाद में कभी नहीं हुई। इतिहास रचने वाले योद्धा का शहीद सिपाही रामचंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैलरम (कैथल) के प्रांगण में 60 वर्ष बाद उनकी प्रतिमा का अनावरण जिला परिषद कैथल के सौजन्य से एवं पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के कथित प्रयासों से किया गया। अनावरण की मुख्य अतिथि बलिदानी की पुत्री राज बाला जो शहादत के दिन केवल 6 मास की थी इन्होने अपने पिता की सकल स्मारक पर देखी। जिला परिषद की तरफ से पार्षद अमरजीत कसान, वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि लोक गायक कलाकार पूर्व सैनिक फौजी कर्मवीर, पार्षद प्रतिनिधि भरत सिंह हरसौला, गांव की सरपंच सीता देवी,नरेश कुमार, स्कूल प्रिंसिपल रमेश कैन्दल,परिवार की तरफ से पूर्व सरपंच अजमेर सिंह, राजबीर सिंह,गांव के पूर्व सरपंच, पूर्व पार्षद व अन्य गणमान्य व्यक्ति और जिला कैथल की पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के भावी पूर्व सैनिक ने मिलकर सामूहिक रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। इस समारोह का स्टेज संचालन राम फल मलिक जेबीटी टीचर ने किया विद्यालय के पूरे स्टाफ और बच्चों का सहयोग और उनका उत्साह जिन्होंने शहीद पर कविताएं भी सुने और लोग गायक कलाकार फौजी कर्मवीर के देशभक्ति गीत से प्रभावित हुए,गर्मी के समय में भी स्कूल के सैकड़ो छात्र-छात्राएं व गांव के सदस्य ,गांव से व आसपास के गांव से आए गणमान्य व्यक्ति सभी ने समारोह के अंदर आहुति दी।



कैथल। गांव कैलरम में सिपाही रामचंद्र का स्मारक का अनावरण करते पूर्व सैनिक व अन्य



### कोहिनूर इंटरनेशनल अकादमी में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस, नुक्कड़ नाटक रहा मुख्य आकर्षण

गुहला-चीका। टटियाणा स्थित कोहिनूर इंटरनेशनल अकादमी में पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संदेश देने वाली विविध गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण, निबंध लेखन, फेस पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी और स्किट जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। हालांकि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा नुक्कड़ नाटक, जिसकी थीम थी सेव अर्थ (पृथ्वी बचाओ)। छात्रों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से धरती के संकट और संरक्षण के संदेश को दर्शकों तक पहुँचाया। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए चेहरों पर पेड़, जल संरक्षण और प्रदूषण विरोधी चित्र उकेरे, जिससे पर्यावरण बचाने का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों की भागीदारी और उत्साह से वातावरण जीवंत हो उठा। इस अवसर पर चेयरपर्सन डॉ. सुखविंदर कौर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी ही एकमात्र जीवन योग्य ग्रह है, जिसकी रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

कार्यक्रम | मोटर मेकेनिक व्यवसाय के विद्यार्थी होंगे लेटेस्ट टेक्नोलाजी से लैस

# हुंडई कार कंपनी ने राजकीय आईटीआई में किया वर्कशॉप का शुभारंभ , प्रधानाचार्य को सौंपी सेंट्रो गाड़ी की चाबी

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

राजकीय आईटीआई कैथल में हुंडई कार कंपनी द्वारा एक वर्कशॉप का शुभारंभ किया । वर्कशॉप में आईटीआई के मोटर व्हीकल व्यवसाय के छात्रों को नई-नई टेक्नोलॉजी के बारे में अपडेट किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आईटीआई कैथल सतीश मच्छाल ने कहा कि इस प्रशिक्षण केंद्र के बन जाने से छात्रों को नई-नई गाड़ियों के आधुनिक फीचर के बारे में जानकारी प्राप्त होगी जिससे उनकी कौशल क्षमता में वृद्धि होगी और प्लेसमेंट व अप्रेंटिसशिप प्राप्त करने में आसानी होगी। एलआर हुंडई मोटर के टीपीएसएम अप्रूव गुंघे ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी का युग है और प्रतिदिन गाड़ियों में नए-नए फीचर व नई टेक्नोलॉजी के अनुसार सुधार किया जा रहा है जिससे गाड़ियों की सर्विस,मेंटिनेस व रख- रखाव की लागत कम हो रही है। इन सब जानकारी से छात्रों को अवगत कराने के लिए इस वर्कशाप का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर डीलर प्रिंसिपल एलआर हुंडई सेल जी एम रोहित, सीनियर मैनेजर गुरप्रीत व वर्ग अनुदेशक राजबबीर सिंह, संजय वर्मा, शमशेर सिंह, अनिल ढुल, सतीश सैनी, अनिल धीमान, मोटर मैकेनिक व्यवसाय अनुदेशक कृष्ण कुमार व जनत राज मौजूद रहे।




कैथल। आईटीआई के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल व अन्य अधिकारी वर्कशाप का शुभारंभ करते व कंपनी के अधिकारी प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल को गाड़ह की चाबी सौपते हुए। फोटो :हरिभूमि

### आईटीआई को सौपी सेंट्रो गाडी

इस वर्कशॉप में आज हुंडई मोटर की ओर से एक नई टेक्नोलॉजी की सेंट्रो गाड़ी भेंट की गई। साथ में ट्रेनिंग हेतु इंजन व लैपटॉप आदि एसेसरीज भी कंपनी की तरफ से फ्री ऑफ कॉस्ट संस्थान को भेंट की गई। इसके बाद मोटर मैकेनिक व्यवसाय के छात्रों को जानकारी देते हुए सर्विस ट्रेनर पंकज द्वारा नए फीचर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और उन्हें किताबें हुंडई मोटर की तरफ से गिफ्ट की गई। इसके अलावा समय-समय पर साजो सामान भी संस्थान को उपलब्ध करवाया जाएगा तथा ऑनलाइन भी छात्रों को कंपनी की तरफ से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भाषण प्रतियोगिता मंजू ने पाया प्रथम स्थान

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में प्राचार्या वीना कुमारी के निर्देशानुसार भूगोल विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस दौरान प्राचार्या वीना कुमारी, उपप्राचार्य रमेश दलाल, डाक्टर संदीप कुमार तथा चांदराम के अलावाा विद्यार्थियों ने महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया । कार्यक्रम के बाद चांदराम और एनएसएस प्रभारी डा. मनोज कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयं सेवकों ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में प्लास्टिक मुक्त पृथ्वी विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मंजू ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय और काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सीआरएसूय की जमीन पर उगाई गेहूं फसल

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में नियमित कुलपति ना होने के चलते अनेक प्रकार की खामियां सामने आ रही हैं। जिनकी सुधबुध लेने वाला कोई भी नही है। आए दिन छात्र संगठन पत्रकारों को ईमेल भेज कर खामियों से अवगत करवा रहे हैं। मंगलवार को भी मोनू मलिक ने सीएम, वीसी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को ई-मेल भेज कर आरोप लगाया कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में बेरों के पेड़ का ठेका तो दिया हुआ है। परंतु ठेकेदार अथवा विश्वविद्यालय प्रशासन के इशारों पर अवैध रूप से गेहूं एवं सरसों की फसल उगाई गई है। यदि गेहूं एवं सरसों की फसल जो यूनिवर्सिटी की जमीन पर लगाई गई है को ठेके पर दिया जाता तो यूनिवर्सिटी को लाखों रुपये की कमाई हो सकती थी। विश्वविद्यालय की पुरानी कैंटीन के पास बन रही लाइब्रेरी के पीछे गेहूं की फसल उगाई गई है एवं कट कर बिकने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त पुरुष हॉस्टल के साथ नर्सरी के आसपास सरसों की फसल उगाई गई।

### 26 को सम्मेलन में भाग लेगी एसोसिएशन

**जींद।** आगामी 26 अप्रैल को रोहतक में होने वाले बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन में जिला जींद से सभी जिला व ब्लाक स्तरीय पदाधिकारी भाग लेंगे। यह जानकारी एसोसिएशन के जिला सचिव गुरनाम सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन की रणनीति तैयार करने के लिए 24 अप्रैल को नागरिक अस्पताल जींद में एसोसिएशन की जिला स्तरीय मीटिंग बुलाई गई है।

### भंडारे में प्रसाद खाने के लिए युवती लापता

**कैथल।** जिले के एक गांव में भंडारे में प्रसाद खाने के लिए गई युवती लापता हो गई। युवती ने जाने से पहले जल्द वापस लौटने की बात कही थी। जब तीन घंटे के बाद भी वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसे अपने स्तर पर ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। पूंडरी थाना में दी शिकायत में एक गांव निवासी महिला ने बताया कि दो दिन पहले उनके गांव में मंदिर में भंडारा था। उसकी करीब 20 वर्षीय बेटी घर से यह कहकर चली गई कि वह भंडारे में प्रसाद खाने के लिए जा रही है। वहां से काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटी।

## अधिकतम तापमान पहुंचा 41 पर, चार दिन में तीन डिग्री का इजाफा

# मौसम का मिजाज हुआ गर्म, हवा के थपेड़ों से जनजीवन अस्त-व्यस्त

### दोपहर को सड़कें सुनसान तो बाजार में छाई विरानगी, राहत के नही आसार, पशुपालक पशुओं का रखें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

मौसम का मिजाज लगातार गर्म होता जा रहा है। 41 डिग्री पहुंचे तापमान तथा तथा गर्म हवा के थपेड़ों से जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। दोपहर को गलियां व सड़कें पर वीरानगी नजर आ रही है। बाजार भी सुनसान नजर आया। सड़कों पर वाहन भी कम दिखाई दिए। मंगलवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 19 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि मौसम में आद्रता 15 प्रतिशत तथा हवा की गति 15 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नही हैं।

चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि गर्मी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का प्रयोग करें। स्वच्छता का ध्यान रखें और शरीर को ढांप कर रखें। गर्मी में बाहर निकलने से परेहज करें। बाकायदा इसे लेकर एडवाइजरी भी जारी की गई है।



जींद। दिन के समय खाली नजर आ रही गलियां। फोटो : हरिभूमि

#### सड़कें तथा बाजार दोपहर दिखाई दे रहे सुनसान

पिछले चार दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। तापमान 41 डिग्री तक जा पहुंचा है। पिछले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान में भी तीन डिग्री की बढ़ौत्तरी दर्ज की गई है। जिसका जनजीवन पर साफ असर देखने को मिल रहा है। गर्मी से काम धंधे प्रभावित हो रहे हैं, दिन चढने के साथ मौसम गर्माने लगता है, दोपहर तक हालात यहां तक हो जाते हैं कि सड़के तथा गलियां सुनसान नजर आने लगती हैं। बाजार में ग्राहक दिखाई नहीं दे रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते पंखे तथा कूलर लोगों का सहारा बने हुए हैं।

#### दिन चढ़ने के साथ शुरू होती है सूर्य के आग

मंगलवार को दिन का आगाज तेज धूप के साथ हुआ। दिन चढने के साथ-साथ तापमान में भी बढ़ोत्तरी होनी शुरु हो गई। हवा भी गर्म होने के साथ-साथ उसकी गति भी तेज हो गई। दिनभर लोग गर्म हवा के थपेड़े सहते रहे। गर्मी के चलते शीतल पेय पदार्थो की डिमांड भी बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नही है। तापमान में और भी बढ़ोत्तरी होगी। हालांकि बीच-बीच में आंशिक बादलवाई भी देखने को मिलेगी।

#### पेय पदार्थों का अधिक सेवन करें

*नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि तापमान धीरे-धीरे बढ़ रहा है। ऐसे हालात में कोई भी गर्मी की चपेट आ सकता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि तेज धूप में निकलने से परेहज करें। ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थ लें और स्वच्छता का ध्यान रखें। घर से निकले तो अपने शरीर को कपड़े से ढांप कर रखें।*

#### पशुओं का शेड खुला और हवादार हो

पशु चिकित्सकों के अनुसार पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए विशेष ध्यान रखें। पशुओं का शेड खुला एवं हवादार होना चाहिए तथा शेड की छत ऊंची होनी चाहिए। अगर शेड की छत टीन की बनी है तो उस पर पराली आद की परत डाल देनी चाहिए ताकि शेड के अंदर का तापमान कम रहे। पशुओं के शेड की दिशा पूर्व से पश्चिम की तरफ होनी चाहिए। पशु शेड के बाहर खुले में केवल घने छायादार वृक्ष के नीचे ही पशुओं को बांधे। पशुओं के शेड में पंखे व डेर्जट कूलर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। गर्मी व लू से बचाव को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की हुई है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है हम लू से बचे रहें। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी समाचारों को अवश्य सुनें। गर्मी में हलके रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, भले ही प्यास न लगी हो। बच्चों को वाहनों में छोड़ कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं। खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं चार बजे के बीच धूप में सीधे न जाएं। डीसी ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त पीने का पानी दें।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## इंडस पब्लिक स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

- जूनियर विंग के बच्चों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

इंडस पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की अनमोल सीख देने के लिए पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के सभी विद्यार्थियों के लिए सप्ताह भर भिन्न-भिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें स्लो साइकिलिंग रेस, ग्रीन क्लर डे सेलिब्रेशन, नो वेस्ट डे, ट्री प्लांटेशन, रीसाइकिल रीयूज, ईटिंग हेल्दी फूड हैबिट्स और क्लीवलीनेस ड्राइव आदि गतिविधियां शामिल थी। साथ ही साथ स्पेशल मॉर्निंग असेंबली में विद्यार्थियों ने पर्यावरण से संबंधित



कविताएं, स्पीच, नाटक और नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने सभी गतिविधियों की सराहना की और कहा कि किस तरह हम रोजमर्रा के कार्यों को ध्यान से करते हुए अपने पर्यावरण को बचा सकते हैं और यदि बचपन से ही हम बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता जगाएं तो निश्चित ही हम उनके सुखद भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

## धरती बचाओ, पेड़ लगाओ का संदेश दिया

- श्री श्याम बाल वाटिका स्कूल्स में पृथ्वी दिवस पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

श्री श्याम बाल वाटिका समूह के सभी स्कूलों में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों की महत्ता के प्रति जागरूक करने हेतु कई रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एक नाटक के माध्यम से हुईए जिसमें बच्चों ने वृक्षों के महत्व को दर्शाते हुए यह संदेश दिया कि यदि आज पेड़ बचाएंगे तो कल जीवन बचेगा।इस नाटक के माध्यम से



नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

विद्यार्थियों ने यह समझाया कि पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और इनके बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना अधूरी है। प्ले स्कूल के नन्हे.मुन्ने बच्चों को सचिवालय व गैबी साहब के आवासीय परिसर में ले जाया गयाए जहाँ उन्होंने वृक्षारोपण किया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पौधे लगाए और उन्हें संरक्षण देने का संकल्प लिया। इस पहल में बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ ने भी भाग लिया।

## सीएम को धन्ना भगत की जीवनी भेंट की

- भार्गव की सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने की अलख को सीएम ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

सेक्टर आठ निवासी 16 वर्षीय भार्गव ने रविवार को उचाना खंड के गांव पालवा में रविवार को आए मुख्यमंत्री नायब सैनी को हस्तलिखित संत शिरोमणी धन्ना भगत की जीवनी फे्रम करवा कर दी। भार्गव अपनी सुंदर लेखनी के माध्यम से वैदिक मंत्र, गुरू मंत्र, मां दुर्गा आरती लिखते हैं और फिर उन्हें माता-पिता की मदद से फ्रेम करवाया और निशुल्क वितरित करते हैं ताकि सनातन संस्कृति को बढावा मिल सके।

अध्यापक पिता नरेश कुमार ने



जींद। सीएम को हस्तलिखित संत शिरोमणी धन्ना भगत की जीवनी भेंट करते हुए।

बताया कि भार्गव ने मकान के मुहुर्त, विवाह समारोह, वैदिक मंत्र, भगवान श्री राम स्तुति, गुरू मंत्र, कल्याण मंत्र, भगवान गणेश मंत्र, मां दुर्गा स्तुति, भगवान शंकर स्तुति, मां दुर्गा आरती, मां सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत, भगवान धनवंतरी की स्तुति, हनुमान चालीसा, हनुमान

#### लगातार प्रयास कर रहे

भार्गव ने बताया कि सनातन संस्कृति और अध्यात्मक को बढावा देने के लिए वो लगातार प्रयास कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि परिवार के सभी सदस्य एकसाथ वैदिक मंत्रों, भगवान वंदना को एकसाथ पढ़ें और उसे कंठस्थ करें। इन संस्कारों को वो अपने जीवन में उतारें।

मंत्र स्वयं अपने हाथ से रंगीन पेन के माध्यम से लिखते हैं। बाकायदा इन्हें फ्रेम में जुडवाते हैं। फिर घर-घर जाकर या सामूहिक कार्यक्रमों वितरित करते हैं।

सीएम नायब सैनी को भी स्तलिखित संत शिरोमणी धन्ना भगत की जीवनी फे्रम करवा कर भेंट की। भार्गव की सनातन संस्कृति को बढावा देने की इस अलख की सीएम ने प्रशंसा की है।

## वेदांता किड्स में मनाया गया पृथ्वी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना

वेदांता किड्स इंटरनेशनल स्कूल एबसंत विहार में अर्थ डे के अवसर पर एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और हरियाली को बढ़ावा देना था। कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के सभी छात्र इस प्रक्रिया का हिस्सा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या रश्मि जैन के द्वारा की गई। उन्होंने बच्चों को पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में बताया और पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। छात्रोंए शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों ने मिलकर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और बच्चों को सिखाया गया की किस तरह पेड़ पौधों की देखभाल करनी चाहिए और समय पर उन्हें जल उपलब्ध करवाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने पर्यावरण से संबंधित पोस्टर और स्लोगन भी प्रस्तुत किए। इसके साथ ही एक लघु नाटक का आयोजन भी किया गयाए जिसमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को श्रिड्यूसए रियूज़ और रीसायकलश विषय पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्युमेंट्री दिखाई गईए जिसमें प्रदूषण के कारणों और समाधान को सरल व प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।



नरवाना। पृथ्वी दिवस मनाते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## पृथ्वी दिवस कर्तव्यों की याद दिलाता है

- मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में अर्थ दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में अर्थ दिवस के अवसर पर मर्करी हाउस के विद्यार्थियों द्वारा विशेष सभा का आयोजन किया गया। यह सभा पर्यावरणीय जागरूकता को केंद्र में रखते हुए न केवल छात्रों को पृथ्वी के संरक्षण के प्रति सजग बनाने हेतु आयोजित की गई बल्कि साथ ही साथ इसमें विविध सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियां भी सम्मिलित की गईं। जिनका उद्देश्य प्रकृति एवं पृथ्वी के प्रति छात्रों में उत्तरदायित्व की भावना का




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

विकास करना है। विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार ने छात्रों को पृथ्वी दिवस का महत्व समझाते हुए कहा कि अर्थ दिवस हमें हमारी धरती मां के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से जो संकट उत्पन्न हुए हैं, उनसे लडऩे के लिए हम सबका सामूहिक प्रयास आवश्यक है। हमारे छोटे-छोटे कदम जैसे जल संरक्षण, ऊर्जा की बचत, प्लास्टिक का उपयोग कम करना, वृक्षारोपण आदिए पृथ्वी को संरक्षित करने की दिशा में बड़े परिवर्तन ला सकते हैं।

## दुकानों के बाहर सामान रखने पर नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

चीका नगर पालिका सचिव जतिंद्र शर्मा के निर्देशानुसार, पालिका कर्मचारियों द्वारा शहर के दुकानदारों को नोटिस देकर सूचित किया गया कि वे अपनी दुकानों के बाहर किसी भी प्रकार का सामान न रखें। यह कार्रवाई शहर की सड़कों पर अव्यवस्था, जाम और जन असुविधा को रोकने के लिए की जा रही है। नोटिस के अनुसार, दुकानदारों को दो दिन का समय दिया गया है ताकि वे स्वयं ही अपना सामान व्यवस्थित कर लें। यदि निर्धारित समय के बाद भी दुकानों के बाहर सामान पाया गया, तो नगर पालिका द्वारा उसे जब्त कर लिया जाएगा और संबंधित दुकानदारों के



गुहला-चीका। दुकानदारों को दो दिन का नोटिस देते हुए नगर पालिका कर्मचारी।

खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पालिका के दरोगाने दुकानदारों को नोटिस सौंपते हुए बताया कि यह कदम शहर को सुव्यवस्थित और साफ-सुथरा बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस अभियान के तहत मंडी क्षेत्र के कई दुकानदारों ने और आश्वासन दिया कि वे सामान बाहर नहीं रखेंगे। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे ताकि शहर में यातायात और जन व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

### कैथल पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

# भाजपा पूरे देश के लिए नीति बनाती है : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने आज कैथल में व्यापारी पंकज गुप्ता के जगदम्बा राइस मिल जींद रोड कैथल पर 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए हरियाणा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और विपक्ष पर निशाना साधा। मोहनलाल बडोली ने कहा कि उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनों के लिए काम करती है, जबकि भाजपा के लिए पूरा देश व प्रदेश अपना है, जिनके हित में



कैथल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली का स्वागत करते भाजपा नेता।

काम किए जाते हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार जनहित में उत्कृष्ट कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश की जनता खुश है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के पास सरकार की आलोचना करने के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा है, क्योंकि सरकार ने हर वर्ग के लिए सकारात्मक कदम उठाए हैं। बडोली ने सरकार की कुछ प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख किया, जिनमें शामिल हैं: मेरिट के आधार पर युवाओं को नौकरियां प्रदान करना। ऑनलाइन तबादला नीति लागू करना, किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम सुनिश्चित करना, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करना। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सरकार के कार्यों से संतुष्ट हैं।

#### दो जगह निधन पर शोक प्रकट किया

इस अवसर पर पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीला राम, जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, भाजपा नेता विनोद कठवाड़, तुषार ढांडा, उमेश शर्मा और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। इससे पहले, मोहनलाल बडोली ने प्यौदा रोड पर रहने वाले सतपाल क्योड़क के बेटे के निधन और भाजपा युवा नेता संजय भारद्वाज के भाई के निधन पर शोक व्यक्त किया।